हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023






## कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, गूंजे राम नाम के जयकारे
# राममय नजर आई संस्कारधानी नगरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अयोध्या में श्रीराम लला के मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु लोगों को निमंत्रण देने अयोध्या से आए 108 कलश की शोभायात्रा शहर में बाजे-गाजे एवं भजन-कीर्तन के बीच निकाली गई। शहर के कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर जयश्री राम की गूंज रही। ज्ञात हो कि अयोध्या में भगवान रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु निमित्त रामदूत देशभर में गांव-गांव और बस्ती-बस्ती जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत आमंत्रण पत्रक और श्रीराम मंदिर के चित्र को घर-घर पहुंचाने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### गूंजा श्रीराम धुन

बाजे-गाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में भजन मंडली द्वारा भगवान श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति की जा रही थी। वहीं बाजे-गाजे में भी श्रीराम धुन गूंज रही थी। जिससे भाव-विभोर होकर कई भक्त कलश यात्रा के दौरान भक्ति में थिरकते भी रहे। कलश यात्रा में एक भव्य रथ था। जिसमें बच्चे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के स्वरूप में विराजित थे।



### सिर पर कलश रखने महिलाओं में होड

महिलाओं में अयोध्या से यहां पहुंचे कलश को ससम्मान सिर पर रखकर कलश यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धा भक्ति के साथ ही उत्साह का माहौल रहा। कलश यात्रा के दौरान सभी महिलाओं ने कुछ-कुछ दूरी तक अपने-अपने सिर पर कलश रखा। जिससे सभी महिलाओं को कलश रखने का अवसर मिल सके। इस दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों की गूंज रही।

### प्रमुख मार्गों से गुजरी

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं-पुरूष पीला-लाल-केसरिया रंग के परिधान में थे। कलश यात्रा शहर के जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक पहुंची। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित हिन्दू संगठन के लोग एवं बड़ी संख्या में शहरवासियों की उपस्थिति रही। ध्वज पताका के साथ निकले इस कलश यात्रा को देखने भी लोगों की उत्सुकता रही। कलश यात्रा से राम भक्तिमय माहौल निर्मित रहा।

### कतारबद्ध निकली कलशयात्रा

इसी कड़ी में जनजागरण हेतु शहर में अयोध्या से आए कलश की शोभायात्रा निकाली गई। शहर के महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में इस आयोजन में शामिल होने के लिए सुबह से ही भक्तों की उपस्थिति बननी शुरू हो गई थी। महिलाओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह रहा। यहां से कतारबद्ध होकर महिलाओं ने सिर पर 108 कलश रखकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया।

---

**राशन दुकान की चाह में थोक में हुआ था पंजीयन**

# सालों से चुनाव व आडिट नहीं, 359 समितियों का पंजीयन होगा निरस्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सहकारिता के जरिये जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में काबिज होने और राशन दुकान की चाह में गठित की गई समितियों का अस्तित्व अब खतरे में आ गया है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद सहकारिता विभाग ने सालों से चुनाव और आडिट नहीं कराने वाली 359 समितियों को नोटिस जारी कर एक हफ्ते की मोहलत दी है। नोटिस में साफतौर पर उल्लेख किया गया है कि यदि हफ्तेभर के भीतर चुनाव और आडिट नहीं कराया गया तो पंजीयन निरस्त करने की सीधी कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में नई भाजपा सरकार बनते ही सहकारिता विभाग ने शासकीय कार्य में कसावट लाते विभागीय कार्यों की समीक्षा कर अनावश्यक रूप से विभाग के ऊपर बोझ बने 359 को छत्तीसगढ़ सहकारिता अधिनियम के तहत परिसमापन डाल दिया है। इन समितियों द्वारा पिछले कई सालों से न तो संस्था का चुनाव कराया गया है और न ही आडिट को लेकर रूचि दिखाई है। विभाग ने वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने के चलते पहले ही इन डी श्रेणी में रख दिया था, लेकिन अब इन समितियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी की गई है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्तमान में 1052 समितियां पंजीकृत है।

### कहां कितनी समितियां होगी बंद

राजनांदगांव जिले के 231 खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति, 9 दुग्ध सहकारी समिति, 12 शिव सहकारी समिति एवं 15 बहुउद्देशीय सहकारी समिति, मानपुर-मोहला-चौकी जिले में 28 खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के 64 खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति को परिसमापन में लाते बंद करने का निर्णय लिया गया है।




### तीन माह में चुनाव अनिवार्य

सहकारिता नियम के अनुसार पंजीयन के 90 दिन में समितियों का चुनाव करवाना आवश्यक होता है, किन्तु समिति के संचालक सदस्यों द्वारा समितियों में व्यवसाय करना नहीं बताया गया और न ही समिति के सदस्यों द्वारा समिति के चुनाव एवं ऑडिट करने में रूचि नहीं लिया गया। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव द्वारा समिति के पंजीयन के 90 दिन पश्चात प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करते निर्वाचन हेतु लगातार समितियां को सूचना दिए जाने के बाद भी समिति के चुनाव एवं अंकेक्षण में रूचि नहीं लिया गया।

### नोटिस जारी

सहकारिता अधिनियम के तहत काम नहीं करने वाली समितियो के पंजीयन को निरस्त करने संबंधी नोटिस जारी की गई है। एक हफ्ते के भीतर जवाब-तलब किया गया है।

**- शिल्पा अग्रवाल,** उप पंजीयक

### 27 तक मांगा जवाब

उक्त समितियों पर कड़ा रूख अपनाते उप पंजीयक ने राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी, खैरगढ़-छुईखदान-गंडई तीनों जिले को कुल 359 समितियों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर कारण बताओ नोटिस देते 27 दिसंबर 2023 तक कार्यालय में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### कांग्रेस सरकार में सर्वाधिक पंजीयन

*पिछले 2019 में कांग्रेस की सरकार आते ही शासन की योजना अनुसार राशन दुकान संचालन हेतु खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति का पंजीयन होना आवश्यक के तहत जिले में राशन दुकान संचालन हेतु अधिक संख्या में खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता समितियों का पंजीयन लोगों ने कराया था, लेकिन पंजीयन पश्चात 4 से 5 साल समितियों को काम नहीं मिल पाया। जिसके चलते पंजीकृत समिति के सदस्यों द्वारा न तो एक भी बार चुनाव कराया गया और न ही ऑडिट करवाया गया।*

---

# आदेश बाद सॉफ्टवेयर में बदलाव आज से होगी 21 क्विंटल खरीदी!

## बुधवार को दिनभर 20 क्विंटल प्रति एकड़ ही धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धान खरीदी की तेज होती रफ्तार के बीच मंगलवार देर शाम को प्रदेश सरकार ने अपना वादा निभाते 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी का आदेश जारी कर दिया था। इस आदेश के बाद बुधवार को जिले में कई किसान 21 क्विंटल धान लेकर ही बिक्री के लिए पहुंचे, लेकिन सॉफ्टवेयर में बदलाव नहीं होने और पहले से 20 क्विंटल का टोकन कट जाने के कारण इन किसानों से 20 क्विंटल ही धान लिया गया।

हालांकि अब सॉफ्टवेयर में बदलाव कर लिया गया है। जिसके बाद नए टोकन प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से ही काटे जाएंगे। इधर अब तक की खरीदी प्रक्रिया में अविभाजित राजनांदगांव जिले के धान बेच चुके करीबन 1.18 लाख किसानों को अब शेष एक क्विंटल धान बेचने के लिए फिर से नया टोकन लेना होगा।

दरअसल अविभाजित नांदगांव जिले की बात करें तो बड़ी संख्या में किसानों ने पहले ही धान बेचने के लिए टोकन ले लिया है। जिसमें प्रति एकड़ 20 क्विंटल की मात्रा दर्ज है। ऐसे में उन किसानों को अब अतिरिक्त एक क्विंटल धान बेचने के लिए दोबारा टोकन लेना होगा। हालांकि अब तक जिन किसानों ने टोकन नहीं लिया है, उनको सीधे 21 क्विंटल धान खरीदी की लिमिट अनुसार टोकन जारी किया जाएगा। इधर संशय की स्थिति के बीच बुधवार को समिति प्रबंधकों को दिनभर किसानों को यह समझाने में भी मशक्कत करनी पड़ी कि सॉफ्टवेयर में बदलाव नहीं होने व पुराने टोकन से 21 क्विंटल खरीदी करने का प्रावधान नहीं है। हालांकि समझाईस के बाद किसानों ने भी 20 क्विंटल के अनुसार ही अपना धान बेचा।

### 25 को मिलेगा बोनस

एक तरफ जहां किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी हो गया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा की प्रदेश सरकार किसानों को दो साल का बकाया बोनस भी देने जा रही है। आगामी 25 दिसंबर को अविभाजित राजनांदगांव जिले के 2.64 लाख किसानों को 354 करोड़ रुपए का बोनस राशि दी जाएगी। यह रकम किसानों के खाते में सीधे राजधानी से ट्रांसफर की जाएगी।

### टारगेट में भी बदलाव

हर साल धान खरीदी से पहले प्रदेश स्तर पर जिलों के लिए एक अनुमानित टारगेट तय किया जाता है। इस बार राजनांदगांव जिले के लिए 61 लाख क्विंटल धान खरीदी का संभावित लक्ष्य तय किया गया था, यह टारगेट प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान के अनुसार था, लेकिन अब प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी के बाद टारगेट में भी बदलाव किया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक जिले में ही किसानों से लगभग 2 लाख क्विंटल अतिरिक्त धान खरीदा जाएगा।

### तीन बार मिलता है टोकन

उल्लेखनीय है कि धान बेचने से पहले पंजीयन कराने वाले किसानों को संबंधित धान खरीदी केंद्र से एक टोकन लेना होता है। इस टोकन में ही किसान को धान बेचने की तिथि सहित अन्य जानकारी शामिल होती है। हर किसान को अपने खेत का धान बेचने के लिए अधिकतम तीन टोकन जारी किया जाता है। आमतौर पर लघु किसान एक या दो ही टोकन में अपना पूरा धान बेच लेते हैं। ऐसे में अब पहले ही धान बेच चुके लघु किसानों को प्रति एकड़ अतिरिक्त एक क्विंटल धान बेचने के लिए दोबारा टोकन लेना होगा।

### आधे किसान अब भी बाकी

भले ही धान खरीदी प्रक्रिया एक नवंबर से शुरू हो, लेकिन अब भी अविभाजित नांदगांव जिले में 50 फीसदी किसान ऐसे हैं, जिन्होंने धान बेचने के लिए टोकन नहीं लिया है। ऐसे में इन 50 फीसदी किसानों को अब टोकन जारी करते समय प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी का ही टोकन दिया जाएगा। राजनांदगांव जिले में 128080 किसान पंजीकृत हैं। जिसमें से अब तक 64524 किसान ने धान बेच लिया है। खैरागढ़ जिले में 68155 किसान पंजीकृत है। जिसमें से 34526 किसान ने धान बेच लिया है। मोहला-मानपुर जिले में 43207 किसान पंजीकृत हैं। जिसमें से अब तक 17245 किसान ने धान बेच लिया है।

---

**माय एंगल**




# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उपराष्ट्रपति की टीएमसी सांसद द्वारा मिमिक्री करने एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं में आक्रोश है। इस घटनाक्रम की निंदा करते भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज प्रदर्शन किया और पुतला फूंका।

शहर के महावीर चौक में आज दोपहर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यकर्ता पहुंचे। यहां उपराष्ट्रपति की टीमएसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा मिमिक्री किए जाने और इसका कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा वीडियो बनाए जाने की निंदा की गई। इन नेताओं के कृत्य का विरोध करते भाजपा नेताओं ने जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, अशोक चौधरी, राधेश्याम गुप्ता, मूलचंद भंसाली, कोमल सिंह राजपूत, राजेन्द्र गोलछा, राजेन्द्र जैन बंटू, शिव वर्मा, किशुन यदु, दामू भूतडा, रवि सिन्हा, मुकेश बघेल, देवशरण सेन, तरूण लहरवानी, किरण साहू, डॉ. रेखा मेश्राम, पारूल जैन, मणिभास्कर गुप्ता, मधु बैद, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन सिंह ठाकुर, आशीष डोंगरे, आशीष जैन, जमुना साहू, सरिता उइके, सुनीता यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



**पुतले में लगाया था चित्र :** इस दौरान एक पुतला बनाया गया। जिसमें एक ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का चित्र लगाया गया था। दूसरी ओर टीमसी सांसद कल्याण बनर्जी का चित्र था। पुतले को नारेबाजी करते भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने फूंका।

---

## बुधवार को 8.9 डिग्री पर रहा रात का तापमान, 2-3 डिग्री चढ़ेगा

# कल के बाद चढ़ेगा पारा, ठंड से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर से आने वाली सर्द हवाओ के चलते लगातार कम होते तापमान से अब राहत मिलने वाली है। कल के बाद उत्तरी हवाओं का असर कुछ कम होगा, जिसके चलते दिन के साथ ही रात के तापमान में भी दो से तीन डिग्री तक का इजाफा देखने को मिलेगा। हालांकि इसके बाद भी न्यूनतम पारा 12 डिग्री के करीब ही रहेगा।

पिछले एक सप्ताह से लगातार कम होते तापमान के चलते अंचल में न्यूनतम यानि रात का तापमान लुढ़ककर 8 डिग्री पर पहुंच गया है। हालत यह है कि सुबह से ही अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है, ठंडी से बचने के लिए गर्म कपड़ो का बाजार भी चमक उठा है। हालांकि अब कुछ राहत की उम्मीद जरुर है।




### बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग से नांदगांव में अधिक ठंड

राजनांदगांव में लगातार ठंड का कहर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। पिछले सप्ताह तक जहां न्यूनतम पारा 17 डिग्री के करीब था, अब यह लुढ़ककर 8.7 डिग्री पर पहुंच गया है। यह सामान्य से चार डिग्री कम है। वहीं अधिकतम पारा की बात करें तो वह 27 डिग्री पर है, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। जबकि बिलासपुर और रायपुर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के करीब है, वहीं दुर्ग में यह 10 डिग्री पर है।

### प्रदेश में सबसे गर्म शहर डोंगरगढ़

एक तरफ जहां प्रदेश के सभी अंचल में तापमान लगातार लुढ़क रहा है। वहीं दूसरी ओर अब भी राजनांदगांव जिले का डोंगरगढ़ शहर प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। बुधवार को मौसम विभाग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार डोंगरगढ़ शहर 29 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म शहर है। जबकि नारायणपुर में सबसे कम 6.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। राजनांदगांव जिले में 27 डिग्री पर अधिकतम और 8.9 डिग्री पर न्यूनतम तापमान है।






## खबर संक्षेप

### गांवों में मंडई मेला का दौर

**चिचोला।** ग्राम उरईडबरी में 24 दिसंबर को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोक संस्कृति मोर मयारू संगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार कन्हारगांव में 26 दिसंबर को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में जय माँ शीतला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी रंग संध्या का नाच होगा। सरपंच प्रतिनिधि गंगाधर साहू ने सभी से शामिल होने की अपील की है।

### गोविंदपुर मंडई 25 को

**चिचोला।** गोविंदपुर में आगामी 25 दिसंबर को मंडई का आयोजन रखा गया है। इसी दिन रात्रि में मूरमाड़ी वालो का छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया है। यह जानकारी ग्राम के राजेश साहू ने देते हुए ग्रामीण जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### शराब की तस्करी जारी

**डोंगरगढ़।** सरकार बदलने के बाद शहर में संचालित अवैध शराब के कारोबार को बंद कराने में प्रशासनिक अमला सख्त तो नजर आया किन्तु शराब दुकानों से होने वाली तस्करी कुछ रसूखदारों के इशारे पर अब भी चल रही है। वर्तमान में शराब कोचियों के अलावा सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है किन्तु रसूखदारों के संरक्षण में चल रहे शराब के अवैध धंधे पर कार्रवाई करने से परहेज किया जा रहा है।

### झिंझारी मंडई 1 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत झिंझारी में मंडई का आयोजन आगामी 1 जनवरी को किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए राधा कृष्ण नाच पार्टी दुर्रेबंजारी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### भागवत कथा का समापन आज

**घुमका।** पटेव स्थित मां कर्मा मंदिर प्रांगण में शिव महा पुराण यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा का समापन कल 22 दिसंबर को पार्थिव लिंग पूजन, रुद्राभिषेक, हवन, अवभृत स्नान एवं प्रसादी वितरण के साथ होगा। कार्यक्रम की शुरूवात कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं श्री शिव पुराण महात्म की कथा से हुई थी। कथा का वाचन साजा के आचार्य हरीश चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के सातवें दिन श्री चतुर्वेदी ने ज्योतिर्लिंग कथा का वाचन किया। कल शुक्रवार क़ो पार्थिव लिंग पूजन, रूद्राभिषेक, हवन, अवभृत स्नान एवं प्रसादी वितरण होगा। यह आयोजन प्रमोद दुबे ने अपने पिता अलख दुबे, भाई पवन दुबे एवं किशोर दुबे की स्मृति में किया था। आयोजन में कौशिल्या शर्मा, करुणा दुबे, संगीता दुबे, विनीता दुबे, संतोष दुबे, मंजुलता, धर्मेन्द्र शर्मा, मधु, कमल मिश्रा, ममता, सुनील उपाध्याय, सालिक, पुष्पा दुबे, संतोष, रिमा दुबे ने सहयोग दिया।

### क्विज स्पर्धा में शिवेन्द्र विजेता



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में गणित विभाग ने क्विज, पोस्टर, रंगोली एवं सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीजी कॉस्ट रायपुर के सहयोग से गणित दिवस के अवसर पर सांई महाविद्यालय भिलाई में आयोजित प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को भेजा जाएगा। क्विज प्रतियोगिता में शिवेंद्र प्रथम, ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुडोकू प्रतियोगिता में रामकुमार वर्मा प्रथम एवं राकेश पटेल द्वितीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में उषा साहू प्रथम एवं साक्षी यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में दुलेश्वरी निषाद प्रथम एवं गरिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्राध्यापक सोनाली लोया, अविनाश सिंह, ओमप्रकाश वर्मा, लीलाराम देवांगन, प्रिया ठाकुर, रोशन कुमार साहू, वासुदेव साहू, प्रभात कुमार बैंस, मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे।

### परीक्षा पर पूर्व छात्रों ने दिए टिप्स



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग ने 9 दिसम्बर को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी कुलेश्वर यादव, अनिकेत यादव, विवेक मेश्राम और गौरव यादव शामिल हुए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि महाविद्यालय में मात्र प्रवेश लेने से कुछ नही होगा, हमे अपने पाठ्यक्रम के प्रति सजग रहना चाहिए और उसे अच्छे से सीखना चाहिए। पूरे साल पढ़ाई करने से परिणाम अच्छा आयेगा। चारों वक्ताओं ने परीक्षा की तैयारी से संबधित छोटी-छोटी बाते बताया। अंत में सभी वक्ताओं को सम्मानित किया गया। संचालन विवेक वासनिक एवं दुलेश्वरी निषाद तथा आभार प्रदर्शन तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

### प्रतियोगिता के लिए धावकों का चयन



**डोंगरगढ़।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार नेहरू महाविद्यालय में अंर्तमहाविद्यालयीन क्रास कन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में 15 एवं महिला वर्ग में 12 महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी भारत बरेठ, विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षण विभाग के संचालक डॉ.दिनेश नामदेव, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी पीके हरि, डॉ.रमेशचंद त्रिपाठी, अरूण चौधरी, मयंक थे। प्रतियोगिता में प्रथम 6 महिला एवं प्रथम 6 पुरूष खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने दी।

### शिविर में शामिल हुए विक्रांत



**छुईखदान।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को छुईखदान ब्लॉक के जीराटोला में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा नेता संतन साहू, आनंद पटेल, अनुज साहू, देवलाल साहू, केशलाल मंडावी, दाऊराम साहू, सागर प्रजापति, सुरेश पटेल, अंजू जंघेल, कपूर खुसरो कार्यक्रम में शामिल हुए। जिपं.उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण भारत का विश्व में नाम हो रहा है। रोटी, कपड़ा और मकान जिन्हे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुहैया कराया है।

## खुलेआम बिक रहे नशे के सामान, बिगड़ रहा माहौल

# नशे की गिरफ्त में युवा और बच्चे चोरी सहित अन्य अपराध बढ़े

## नशा के कारोबार पर प्रशासनिक अंकुश नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

नगर में बीते कुछ माह से चोरी की घटना में इजाफा हुआ है। विभिन्न घटनाओं में लिप्त जिन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है उसमें अधिकांश नशे के आदि है। यह लोग नशे की आदत के चलते चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। कुछ माह पहले ग्राम पंचायत कृतबास में एक लड्डू बनाने वाले के घर से तेल की टिनो की चोरी दो लोगों करते थे। शक होने पर जब उसने सीसीटीवी कैमरा लगवाया जिसमे चोर पकड़ में आ गए। दो लोग मिलकर तेल की चोरी थे। दोनों ही नशे के आदि थे। मामले की रिपोर्ट होने पर एक आरोपी पकड़ में आया तो दूसरा फरार हो गया। फरार होने के बाद लड्डू बनाने वाले ने उसे कई बार देखा भी और थाने में सूचना दिया परन्तु पुलिस कुछ नंही कर पाई।

### कार्रवाई की जाएगी

थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले ने बताया कि अवैध कारोबार पर लगातार प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है। जहाँ जहाँ की शिकायत मिल रही है वहां कार्यवाही की जा रही है।



### शहर में बिक रहा शराब और गांजा

सूत्रों के अनुसार अवैध कारोबार गोपनीय तरीके से नगर में फल फूल रहा है। पंडरिया के कुछ लोग अपनी दुकान और घर में शराब और गाजा बेच रहे है जिसके कारण पंडरिया का माहौल दिन प्रतिदिन बिगड़ने लगा है। पहले यह कारोबार गंडई में होता था पर लगातार पुलिस कार्यवाही के बाद लोग गोपनीय तरीके से शराब ,गांजा और नशीली दवाइयों का व्यापार करने लगे हैं। बीते कुछ माह से पंडरिया में अवैध कार्य में इजाफा हुआ है। सूत्र बताते हैं कि यहां के युवा और अधेड़ शराब का अवैध परिवहन, किराने की दुकानों- घरों में शराब की अवैध बिक्री, गांजे का व्यापार कर रहे हैं। नगर के पान ठेलों और किराना दुकानों में बच्चों को खुले आम जर्दायुक्त गुटखा आदि दिया जाता है।

### मंदिर में चोरी

इसी प्रकार मां गंगाई मंदिर में एक युवक ने अंदर घुस कर चोरी की घटना को अंजाम दिया और माता का मुकुट और करधन ले गया। यह घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई थी। कैमरे की नजर से बचने आरोपी ने सिर पर प्लास्टिक बोरी लगा रखा था मगर कुछ घण्टो में ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी नशे का आदी था। बीते कुछ माह में कई दुकानों में चोरी की घटना हुई जिसमे पकड़ में आने वाले अधिकांश नशे के आदि है। वार्ड 3 के पार्षद पति नीलम नामदेव के फार्म हाउस में बीते रात्रि को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की। फार्म हाउस का ताला तोड़ दिया पर अंदर डोर लॉक होने की वजह से दरवाजा को नहीं खोल पाए। चोरों ने नीलम नामदेव के बाजू स्थित धनेश यादव के फार्म हाउस के बाउंड्री में लगे झटका तार को डंडे से पीट पीट कर हटाया और टमाटर रखने के 12 नग कैरेट और 50 किलो गेंहू की चोरी कर ले गए।

### बिगड़ रहे बच्चे

शहर के 15 वार्ड में 100 से ज्यादा पान ठेला, किराने की दुकान है। यहां से बच्चों को आसानी से जर्दा युक्त गुटखा मिल जाता है। बच्चे नशे की शुरुवात जर्दा युक्त गुटखा खाने से करते है और फिर धीरे धीरे शराब, गांजा और नशीले दवाइयों का सेवन करने लगते है। पैसो के आभाव में यह लोग चोरी की घटनाओ को अंजाम देने लगते हैं।

### गलत किया तो होगी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेमीचंद पटेल ने बताया कि दुकानों में बिकने वाले जर्दा पाउच या अन्य के खिलाफ पुलिस, राजस्व, ड्रग विभाग, स्वाथ्य विभाग आदि का कार्रवाई करने का अधिकारी है। पान ठेलों, किराना दुकानों आदि से बच्चों को जर्दा युक्त गुटखा या सिगरेट जलाने के लिए लाइटर देना भी गैर कानूनी है। शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## एक ने प्रवेश द्वार तो दूसरे हाईवा ने बिजली पोल तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

तीन दिन पहले टिकरीपारा जाने वाले बाईपास में लगा प्रवेश द्वार हाइवा वाहन की प्रेशर ट्राली के अचानक खुल जाने से टूट कर नष्ट हो गया। वही 21 दिसंबर को रेत से भरे एक अन्य हाइवा ने पोस्ट आफिस के सामने स्थित बिजली के खंभे को ध्वस्त कर दिया। इस घटना से बिजली व्यवस्था लगभग 1 घंटे से अधिक समय तक बाधित रही।जानकारी अनुसार 18 दिसंबर को टिकरीपारा पहुंच मार्ग पर लगाए गए प्रवेश द्वार जिस पर तीन महीना पहले लगभग 10 लाख खर्च किया गया है को शाम 7 बजे खाली जा रहे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 08 एल 4888 की पावर ट्राली के अचानक खुलने से प्रवेश द्वार उसकी चपेट में आ गया और प्रवेश द्वार टूट कर गिर गया। नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन ने बताया कि थाना में घटना को लेकर आवेदन दिया गया है। गाड़ी मालिक से नुकसान की भरपाई करवाया जाएगा। वहीं 21 दिसंबर को रेत से भरे हाइवा ने पोस्ट आफिस के सामने स्थित बिजली पोल को ठोकर मारकर ध्वस्त कर दिया। बिजली कंपनी के जेई हरिप्रसाद जंघेल ने बताया कि हाइवा की चपेट में आने से बिजली पोल ध्वस्त हो गया था। वाहन मालिक से क्षति पूर्ति के रूप में लगभग 10 हजार लिया जा रहा है।

## चेष्टा को मिला मुंबई में सम्मान



**खैरागढ़।** मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर चेष्टा साहू मिर्जा को बेस्ट डेंटल सर्जन व कॉस्मेटोलॉजिस्ट छग के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक पद्मभूषण उदित नारायण ने राजकुमार तिवारी की संस्था द्वारा आयोजित मुंबई ग्लोबल अवार्ड में डॉक्टर चेष्टा को प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया। बेस्ट डेंटल सर्जन एवं कॉस्मेटोलॉजिस्ट ट्राइकोलॉजिस्ट ऑफ छग पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर चेष्टा साहू मिर्जा खैरागढ़ निवासी असलम मिर्जा की पुत्रवधू व सीजी पुलिस केसीजी मे पदस्थ अख्तर मिर्जा की धर्मपत्नि है। इस दौरान डॉ.चेष्टा ने कहा कि बेहतर इलाज सभी व्यक्ति की पहुंच में होना चाहिए यह उनका शुरू से प्रयास रहता है कि वह अपने अनुभव से मरीज को बेस्ट सेवा दे सके। एक साल मप्र के झांसी और बीते दो सालों से राजनांदगांव के ओम डेंटल केयर लगातार सेवारत डॉ चेष्टा साहू मिर्जा ने कहा कि जीवन के अंतिम पलो तक उनका प्रयास बेहतर से बेहतर सेवा देने का रहेगा।

## लगातार खुल रही निर्माण में गड़बड़ी की पोल

- अधिक भुगतान का आरोप, निर्माण में घालमेल

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के माध्यम हुए विकास कार्य एवं खरीदी में गड़बडी का मामला लगातार प्रकाश में आ रहा है। शहर के 24 वार्डों में सड़क डामरीकरण, सीसी रोड़, आरसीसी रोड़, नाली निर्माण के अलावा गार्डन, ओपन जिम निर्माण एलईडी लाइट की खरीदी में लाखों का फर्जीवाड़ा किया गया है। नगर पालिका ने उपर मंदिर छिरपानी मार्ग चिचोला ओवरब्रिज में 7 लाख 34 हजार खर्च कर एलईडी लाईट लगवाया था जो 6 माह के अंदर ही खराब हो चुकी है और वर्तमान में बंद है। लगभग एक से डेढ़ लाख के कार्य में 7 लाख से अधिक का भुगतान किया गया है। जो लाइट डिवाईडर में लगाया गया है उसकी कीमत क्रमशः 30, 40 और अधिकतम 100 रूपए है। 80 रूपए मीटर वाली लाइट में गारंटी साल से दो साल की होती है जबकि जबकि अन्य लाइट में कोई गारंटी नही होती। एक चकरी में लगभग 50 मीटर लाइट का बंडल होता है जिसके आधार पर निम्न स्तर की लाइट की कीमत 50 से 60 हजार और अच्छी लाइट की कीमत दो लाख होता है जबकि नगर पालिका ने दो किश्तों में सात लाख का भुगतान किया है। इसी प्रकार गौशाला के पास बने गार्डन, कई वार्डों में लगाए गए ओपन जिम में गड़बड़ी किया गया है। गोबर से खाद बनाने वाली 8 लाख की मशीन पर 50 लाख का भुगतान किया जाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।



### नियमतः काम हुआ

तत्कालीन सीएमओ यमन देवांगन एवं प्रमोद शुक्ला ने स्टीमेट के आधार कार्य होने की बात कही है। तत्कालीन सीएमओ देवांगन ने बताया कि उनके कार्यकाल में जिस कार्य में गडबडी सामने आई थी उसका भुगतान रोक दिया गया था। स्थानांतरण के बाद कैसे भुगतान हुआ है इस बारे में उन्हे कोई जानकारी नहीं है। उनके बाद आए सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने बताया कि उनके कार्यकाल में किसी तरह का भ्रष्टाचार नही हुआ है। स्टीमेट के आधार पर कार्य कराकर भुगतान किया गया है।

## धान पर घमासान, सरकार निभाए अपना वादा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, किसान नेता गुलाब वर्मा ने भाजपा सरकार पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों से जो वादा किया था उसे पूरा करने में अब रूचि नहीं दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने वादों को पूरा करने कदम नहीं उठाया तो कांग्रेस सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए हर मोर्चे पर विरोध करेगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि न्याय योजना अंतर्गत धान की चौथी किस्त किसानों को देने पर सरकार चुप्पी साध लिया हैं जबकि यह उनका अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि वादा कर भूलने के लिए मशहूर भाजपा ने किसानों का धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से लेने का वादा किया था। सरकार ने धान की पूरी राशि का एकमुश्त भुगतान करने की बात कहा था। किसानों और जनता ने उसकी बातों पर भरोसा कर विधानसभा चुनाव में उसके पक्ष में मतदान किया और अब सरकार बनने के बाद इन वादों पर चर्चा तक नहीं किया जा रहा हैं जबकि मंत्रीमंडल की पहली बैठक में प्रस्ताव पारित कर आदेश जारी करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी आदत अनुसार एक बार फिर किसानों के साथ अन्याय करने उतारू हो गई है। श्री यादव एवं श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार धान की चौथी किस्त की राशि से किसानों को वंचित कर रही है जो प्रदेश के 27 लाख किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के रुख को देखते हुए लगता है कि किसानों से किया गया वादा जुमला साबित होने वाला हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र आदेश जारी नहीं किया गया तो कांग्रेस प्रदर्शन करेगी।

### किसानों को मिला सही न्याय

वहीं मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदने के फैसले का स्वागत किया हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव में उक्ताशय का वादा किया था, जिसे सरकार बनते ही पूरा कर दिया हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा जारी आदेश 1 नवंबर से लागू होगा। अब किसान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान बेच सकेंगे। वहीं जिन किसानों ने पुराने नियम के हिसाब से धान बेचा है, वह भी अब निर्धारित पात्रता के अनुसार अपना धान बेच सकते हैं।

## दी योजनाओं की जानकारी



**सड़क अतरिया।** विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन गुरुवार को ग्राम पंचायत चकनार में आयोजित किया गया। युवा भाजपा नेता खम्हन ताम्रकार एवं अन्य अतिथियों ने भारत माता एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में श्री ताम्रकार ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। विकासखंड के विभिन्न गांव में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला गैस, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों से आवेदन लिया। शिविर ग्रामीणों ने अपनी शिकायत एवं समस्या से अवगत कराया जिसका निराकरण किया गया। कार्यक्रम में लीलाराम साहू, दूजेराम वर्मा, मोहित ध्रुव, गोपाल गिरि, चेतन साहु, भुनेश्वरी जोशी, सीके उके, मोहित बजरंग, कमलेश सेन, लज्जब खान, चित्रलेखा नामदेव, सरपंच डोगेन्द्र सोरी, चरणश्याम साहू, रमेश जंघेल, पवन पटेल, विशंभर पटेल, महेश साहू, अमृत मरकाम, बसंत सिन्हा, जनाराम, आत्माराम, मनोज पटेल, ज्योति, रमिता, सुनिता आदि मौजूद थे।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आज विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**मोहला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 22 दिसंबर को 8 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आतरगांव एवं चिखली में सुबह 9 बजे से एवं माहुद-मचांदुर व सोनसायटोला में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत कंदाली में 9 बजे से एवं हलोरा में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खंड मोहला के ग्राम पंचायत मड़ीयानवाड़वी में 9 बजे से एवं सांगली में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।

### सांसद से हाई मास्क लाईट की मांग

**अंबागढ़ चौकी।** नगर को रौशन करने के लिए भाजपा नेताओं ने सांसद संतोष पाण्डेय से हाई मास्क लाईट लगाने की मांग की है। नगरवासियों ने शिवाजी चौक एवं भारत माता चौक में हाई मास्क लाईट लगाने का निवेदन किया है। मांग करने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंघी, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, पार्षद धर्मेंद्र साहू, आशीष द्विवेदी, शुभम बाजपेयी, रमेश जैन, मोहन खंडेलवाल शामिल हैं।

### रॉयल कॉलेज में सिंघल का व्याख्यान

**राजनांदगांव।** रॉयल कॉलेज राजनांदगांव द्वारा समाज सेवक संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी संजीव सिंघल को नैतिक मूल्यों के लिए जागरूक करने व्याख्यान 20 दिसंबर को विश्व मानव एकजुटता दिवस पर आमंत्रित किया गया। संजीव सिंघल ने अपने व्याख्यान में मानव हिंसा एवं युद्ध इत्यादि के उन्मूलन व परमाणु निःशस्त्रीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी रोग का दुनिया में इलाज खोज लिया गया है तो विश्व में सभी नागरिकों को बिना अमीर-गरीब भेद के वह इलाज उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोरे-काले, जाति, धर्म एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर अनावश्यक हिंसा करके मानव-मानव के बीच दीवार खड़ी करना गलत है। श्री सिंघल ने प्राचार्य डॉ. अनुराधा शुक्ला, प्राध्यापकगणों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

### खैरा नवापारा में मितानिन सम्मानित

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में गुरुवार को मितानिन दिवस मनाया गया।



सरपंच शारदा गोरेलाल जंघेल एवं अन्य ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा आर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने मितानिन दीदियों को साड़ी, श्रीफल व उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में मोहित बजरंग, अन्नपूर्णा जंघेल, नाजरा बेगम, टाकेश्वरी जंघेल, टोकेन्द्र वर्मा, युवराज कश्यप, पुलेन्द्र जंघेल, रामखिलावन, पुष्पलता, खुशबु, त्रिलोका, भोजराम, बेदराम आदि शामिल हुए।

### धान की लिमिट बढ़ने से किसान खुश

**सड़क अतरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु हुए दो माह हो गया है। केन्द्रों बंफर धान की आवक शुरु हो गई है। इस सप्ताह धान उपार्जन केन्द्र कुकुरमुड़ा अतरिया, सण्ड़ी, बुंदेली, विचारपुर, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव में रिकार्ड धान की खरीदी की गई है। सभी केन्द्रों ने इस सप्ताह लगभग 10 हजार क्विंटल धान खरीदा गया है। भाजपा सरकार के आदेश पर किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदना गुरुवार से प्रारंभ कर दिया गया है। 21 क्विंटल धान खरीदी शुरु होने से किसानों के चेहरे पर रौनक आ गई है। जिन किसानों ने गुरुवार का टोकन ले रखा था उनसे 20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। कल शुक्रवार से किसान 21 क्विंटल धान बेच पाएंगे। जो किसान पहले धान बेच चुके हैं वह फिर से टोकन लेकर धान बेच सकते हैं।

### मानवता के प्रेरणास्रोत हैं घासीदास : जयश्री

**डोंगरगांव।** ब्लॉक के ग्राम माथलडबरी में सतनाम पँथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।



इस मौके पर सामाजिकजनों ने पारंपरिक पंथी नृत्य और स्तुति करते हुए बाबा की शोभायात्रा निकाला। जैतखाम पर श्वेत ध्वज आरोहित किया गया। समारोह में विधायक दलेश्वर साहू की धर्मपत्नी जयश्री साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने की। इस मौके पर सरपंच मयंक यदु, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, खेमचंद भारती आदि विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीमती साहू ने कहा कि छुआछूत और जात-पात के दौर में भी मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर बाबा ने मानवता को संरक्षित किया। उनके प्रयासों से ही मानव समाज एकजुट हैं। इस मौके पर दुष्यंत पटेल, लखन पटेल, सरस्वती मार्कण्डेय, विजय जांगड़े, प्रमोद साहू, शांति पटेल, भोजराज जांगड़े, सोनसाय धनकर, बरातू मंडावी, चिंतूराम पटेल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## समय सीमा की बैठक में समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# रूके हुए धान बोनस का 25 को मिलेगा प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शासन के निर्देशो सहित विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया।

कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में भारत संकल्प यात्रा, आयुष्मान कार्ड, संस्थागत प्रसव, हर घर जल, प्रमं आवास, भू अभिलेख के डिजिटाइजेशन, केसीसी, पीवीजीटी कैंप सहित सुशासन दिवस की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ग्रामों में भारत संकल्प यात्रा में अधिकाधिक लोगों को शामिल कर उन तक योजनाओं का लाभ पहुचाएं। आयुष्मान कार्ड बनवाकर आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने, राशन और आधार कार्ड को अपडेट करने सचिव के माध्यम से कार्य करने कहा। हर घर जल योजना के तहत 26 जनवरी तक जिले के कम से कम 50 ग्रामों को पूर्णतः आच्छादित करने का निर्देश कलेक्टर ने दिया वही खुले में शौच मुक्त बनने वाले ग्रामों को अभिनंदन पत्र देने का निर्णय लिया। उन्होंने भू-अभिलेखों को डिजिटल बनाने, केसीसी के लिए किसानों से आवेदन लेकर त्वरित निराकृत करने के अलावा संकल्प भारत यात्रा में संपादित कामों की डाटा एंट्री का काम तीन दिनों में पूरा करने कहा।

**सुशासन दिवस की तैयारियों पर चर्चा**



### सुशासन दिवस पर धान बोनस प्रमाण पत्र होगा वितरित

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस की आवश्यक तैयारी के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करके ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया जाए और पुराने धान बोनस का प्रमाण पत्र वितरित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी पंजीकृत हितग्राहियों के आवेदन को प्रक्रिया में लाकर जल्द से जल्द लाभ पहुंचाने और आवास प्लस योजना के तहत ग्रामों में दस्तावेज संग्रह कार्य पूरा करने कहा।

### जनजाति बसाहट वाले 44 ग्रामों में आज से लगेगा कैंप

कलेक्टर ने बैठक में विशेष कमजोर जनजाति कैंप का आयोजन 22 दिसंबर से शुरू करने कहा। कैम्प में छुईखदान ब्लाक में निवासरत 44 ग्रामों के बैगा जनजातियों के लिए उपलब्ध सभी योजनाओं का सर्वे करके योजना निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने 2005 से पहले कब्जाधारित बैगाओं को शत प्रतिशत भूमि पट्टा प्रक्रिया पूरा करने भी कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, डॉ. नेहा कपूर, संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम रेणुका रात्रे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# साइंस कॉलेज में मनाया मानव अधिकार दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में 10 दिसंबर को राजनीति विज्ञान व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने शुभकामनाएं देते कहा कि 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानव अधिकारों की घोषणा की। जिसमें जीवन जीने का अधिकार स्वतंत्रता, शिक्षा, समानता, धर्म की स्वतंत्रता, संघ बनाने, सूचना पाने तथा राष्ट्रीयता का अधिकार प्रमुख अधिकार स्वीकार किए गए। मनुष्य के जीवन स्वतंत्रता समानता के अधिकार ही मानव अधिकार है तथा ये अधिकार के हकदार सभी मनुष्य हैं। मानव अधिकार से तात्पर्य उन परिस्थितयों एवं पर्यावरण से है, जो मानव के व्यक्तित्व के विकास के लिए अनिवार्य है। तत्पश्चात डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने विद्यार्थियों को बताया कि अपने अधिकारों के लिए नागरिकों को जागरूक रहना चाहिए, ताकि अपने अधिकारों को जान सके और आवश्यकता होने पर आवाज उठा सकें।

थानेश्वरी देशमुख ने बताया कि मानव अधिकार वे अधिकार हैं, जो सभी व्यक्ति को अपने धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान, संस्कृति सभी के बंधनों मुक्त करता है। व्यक्ति की सुख-शान्ति, सुरक्षा व प्रतिष्ठा का अधिकार ही मानव अधिकार है। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्टेट स्कूल ने जीता खिताब

**राजनांदगांव।** डॉ. जेबी सिरियल फुटबॉल टूर्नामेंट रॉयल किड्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें स्टेट स्कूल की बालिकाओं ने भाग लिया। फाईनल मैच के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं स्टेट स्कूल के मध्य मैच खेला गया। जिसमें गरिमा एवं दिपाली द्वारा एक-एक गोल किया गया। इस प्रकार 2-0 से फाईनल का खिताब स्टेट स्कूल ने अपने नाम किया। गोल कीपर निहारिका एवं प्राची नीलिमा, नेमिका, सोनल, पल्लवी, दीपशिखा, सोनम का शानदार प्रदर्शन रहा। उक्त जानकारी स्टेट स्कूल के व्यायाम शिक्षक सुनील नागदौने द्वारा दी गई।

# खेल प्रतियोगिता में सहभागी बने बच्चे



■ संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा में शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक शाला ठाकुरटोला में किया गया। स्पर्धा में माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला गर्रा, भंडारपुर, प्राथमिक शाला जुझारा, पटपर, झुमरकोन्हा, जीराटोला, गहिराटोला, चंपाटोला, पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुर टोला के बच्चों ने भाग लिया। खेल का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर संकुल प्रभारी प्रतिनिधि श्री नायक, संकुल समन्वयक रामभरोसा मरावी, रेखलाल मरकाम ने किया। इस मौके पर बच्चों ने खो खो, कबड्डी, रिले रेस, आलू दौड, सुई धागा दौड़ , जलेबी दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम में संकुल समन्वयक भदेरा राजूदास मानिकपुरी शामिल हुए। इस दौरान रेखालाल मरकाम, बसंत यादव, दयालदास जंघेल, राजकुमार मसखरे, भुवाल यादव, संजीव ध्रुव, मोहित धुर्वे, डोमन साहू, मनीष रामटेके, शिवेंद्र राजपूत, विजय कमरिया, दीनदयाल शोरी, सीमादेवी पुलस्त्य, चंद्रमुखी पुलस्त्य, उर्वशी चंद्रवंशी, पूनम मानिकपुरी, अनिता ठाकुर, विद्या चंद्राकर, जनता धुर्वे, डोमेंद्र ठाकुर, मनोज साहू आदि शामिल हुए। अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### चलित थाना लगा कर किया समस्याओं का निराकरण

**खैरागढ़।** ग्राम कटंगी में पुलिस ने चलित थाना लगा कर प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया। इस मौके पर बडी संख्या में ग्रामीण एवं पुंलिस जवानों की उपस्थिति रही।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खैरागढ लालचंद मोहले के निर्देशन मे एवं थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास के नेतृत्व मे 20दिसंबर को थाना खैरागढ़ द्वारा ग्राम कटंगी खुर्द में चलित थाना लगाकर थाना खैरागढ़ को प्राप्त जातिवाद की गंभीर शिकायत का निराकरण किया गया।

थाना प्रभारी राजेश देवदास चलित थाना के दौरान ग्राम कटंगी खुर्द उपस्थित होकर ग्रामिणो से चर्चा किया और समस्याओ को सूना और निराकरण किया, साथ ही ऑन लॉन ठगी से बचने की जानकारी देते हुए सायबर अपराध एवं महिला संबंधित अपराध एवं अभिव्यक्ति एप एवं सुविधा एप की जानकारी दिया गया।

जिससे गांव वालो ने थाा प्रभारी को धन्यवाद करते हुए भविष्य में सभी मिलजुल कर रहने एवं आसपास के गांव में भी इसकी जानकारी की बात कही गयी है। और सभी ग्रामिण उत्साहित दिखे

# कुकुरमुड़ा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत, पट्टाधारी की मौत बाद विवाद

## पंचायत प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के कुकुरमुड़ा में शासकीय कार्य के लिए आरक्षित जमीन की जुताई से नाराज सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कारवाई की मांग की है। सरपंच लक्ष्मी वर्मा, उपसरपंच जगदीश पाल, गौतम वर्मा, रमेश पाल, रामेश्वर वर्मा, राजेश वर्मा, साहस निषाद सहित पचास से उपर ग्रामीणों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा को बताया कि बीस साल पहले हरेली सहेली योजना तहत पंचायत द्वारा केजा बाई पिता मनबोध गोड़ को पेड़ लगाने खसरा नंबर 516/1 मे लगभग ढाई एकड़ शासकीय जमीन पट्टे में आबंटित किया गया था। 2016 मे उसकी फौत के बाद वैध वारिसान नही होने की स्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा सर्वसम्मति से उक्त जमीन को भविष्य में शासकीय कार्यों में उपयोग के लिए आरक्षित भूमि घोषित किया गया है, लेकिन खपरी निवासी मंगल पिता शाखाराम नेताम द्वारा उक्त जमीन में ट्रैक्टर से फसल बोने जुताई कर रहा था जिसे रोकने समझाने पर वो गाली गलौच पर उतारू हो गया और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ बुजुर्गों से भी अभद्र व्यवहार करने लगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस का प्रत्याशी होने के कारण मंगल नेताम राजनैतिक रसूख के बल पर उन्हें दबाने और ग्राम विकास के लिए सात साल पहले आरक्षित जमीन को जबर्दस्ती हथियाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने मामले में कारवाई कर आरक्षित जमीन पर हो रहे बलपूर्वक अतिक्रमण को रोकने की मांग की है।



### गांव वाले कर रहे दादागिरी

हरेली सहेली योजना तहत शासन द्वारा आदिवासी परिवार के सदस्यों को पेड़ पौधे लगाकर जीविकोपार्जन करने सरकारी जमीन का आबंटन किया था। बीस साल पहले योजना तहत कुकुरमुड़ा में भी केजाबाई पिता मनबोध को पहनं 48, खसरा नंबर 516/4, प्लांट नंबर 03 में ढाई एकड़ जमीन आबंटित किया गया था। केजाबाई की फौत बाद देऊरझाल निवासी सगे भाई जगदीश पिता मनबोध गोड़ ने उक्त जमीन मंगल नेताम को देख रेख के लिए सौंप रखा है जिसके चलते विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। मंगन नेताम ने बताया कि केजाबाई रिश्ते में उनकी मौसी थी, उनकी फौत के बाद वैध वारिसानों ने अनेक बार जमीन में पेड़ लगाने का प्रयास किया, लेकिन पंचायत द्वारा पहले से लगे पेड़ों को काटकर जमीन को समतल कर दिया है। मंगल नेताम ने कहा कि जब जब मृतका का सगा भतीजा गॉव आता है उसे भगा दिया जाता है। इसकी शिकायत भी पूर्व मे उनके द्वारा की गई है।

## पंडित झम्मन शास्त्री करा रहे भागवत कथा का रसपान

# चिखलदाह में श्रीमद्भागवत कथा, उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के चिखलदाह में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे कथा व्यास आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे है। बद्रीविशाल सिंह सहित बीबीसी परिवार द्वारा माता की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ मे कथा के दौरान आचार्य झम्मन शास्त्री ने कहा कि मानव का दुर्लभ जीवन बड़े सौभाग्य से मिलता है और इसी जीवन में ही परम तत्व की सुलभ ढंग से प्राप्ति हो सकती है।

भागवत कथा का आनंद भी मानव रूप में व्यक्ति ले सकता है अन्य योनियों के जीवों को यह सुख नही मिलता क्योकि मानव मृत्यु लोक मे भी सांसारिक सुख साधनों का उपभोग करते हुए दान, पूजा अर्चना, जप तप, भजन कीर्तन करने सक्षम है और इसी सेवा दान, भजन से परलोक में काम आने वाला पुण्य भी कमा लेता है और इसी पुण्य फल से परलोक से सुख भोंगकर परमात्मा की प्राप्ति कर लेता है। आचार्य झम्मन शास्त्री ने कहा कि जरूरी नहीं है जो कुछ मनुष्य ने संग्रह किया वह भोग स्वरूप प्राप्त हो क्योंकि वह कभी भी मृत्यु का ग्रास बन सकता है इसलिए मनुष्य को सेवाधर्म, दान ,भजन के द्वारा अपने जीवन को सार्थक कर लेना चाहिए। जीवन बड़ा अनमोल है वैसे ही गज, ग्राह,गणिका भी श्री हरि के नाम के प्रभाव से मुक्ति को प्राप्त कर पाए थे।

### भागवत अंतःकरण से सुनना आवश्यक, बना दिया मनोरंजन का साधन

आज राम का नाम नरसिंह भगवान है और कलयुग हिरण्यकश्यप के समान है तो जप करने वाला मनुष्य प्रहलाद के समान है। कलयुग में दान की विशेष महत्ता बताते हुए राजा बलि की दानवीरता का वर्णन किया। प्रहलाद के पौत्र महाराज बलि ने भगवान श्री वामन को अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। समग्र समर्पण करने वाले के यहां स्वयं भगवान ही उनके रक्षक बनकर रहते हैं। सुतल लोक में आज भी भगवान उनके द्वारपाल है। जहां स्वयं माता लक्ष्मी भी मनुष्य वंश में बली को भाई के रूप में सूत्र बांधकर दक्षिणा के रूप में अपने पति भगवान श्री नारायण को मांगने गई थी। जीवन में उपासना करने वालों को मां लक्ष्मी के साथ-साथ भगवान श्री नारायण की उपासना करनी चाहिए। पंडित झम्मन शास्त्री ने कहा कि हमारे यहां हर एक अवतार को लेकर पुराणों की रचना हुई है। इस कथा का विस्तार वामन पुराण और मत्स्य पुराण में है। कथा भाग के चौथे दिन समुद्र मंथन व वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कहां की भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है। यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है, लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लांघ रहे हैं। श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है। व्यास पीठ का महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके लिए पूरी तरह से दोषी हैं। आचार्य ने कहा कि भागवत श्रद्धा का विषय है। इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए। भागवत कथा को सुनने और सुनाने वाले दोनों को इसके प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना चाहिए तभी आयोजन की सार्थकता है। हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने की आवश्यकता है एवं सप्ताह में एक दिन सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ हो। कथा के दौरान समुद्र मंथन और वामन अवतार को लेकर दिव्य झांकी निकाली गई।

# उल्लंघनः बस का कटा चालान

**खैरागढ़।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर बस में यात्रियों को बिठाने और उतारने के मामले में पुलिस ने बस का चालान काटकर कार्रवाई की है।

एसपी अंकिता शर्मा द्वारा लगातार जिले के यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीर एवं एक्शन मूड में नजर आई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते कार्रवाई किया है। एसपी के निर्देश पर थाना खैरागढ़ पुलिस ने 19 दिसंबर को मनीष ट्रांसपोर्ट बस के चालक द्वारा मनमानी करते अपनी मनमर्जी के मुताबिक अनाधिकृत जगह पर बस खड़ी कर यात्रियों को भरने एवं उतारने का काम कर रहा था। जिससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम जैसी और असुविधाएं स्थिति उत्पन्न हो जाती रही है। जिससे आम लोगों में समस्याओं को दृष्टिगत रखते जिले की पुलिस कप्तान अंकित शर्मा ने स्वयं पहुंचकर मौके का जायजा लिया। बस के मनीष श्रीवास्तव पिता प्रेमनाथ श्रीवास्तव 53 साल निवासी ममता नगर नांदगांव द्वारा मनमानी करते शहर के बस स्टैंड की तरह अनाधिकृत स्थान पर भी बस को मनमानी तरीके से रोककर यात्रियों को बस में भरने एवं उतारने का काम कर रहा था। जिससे सड़कों पर ट्रैफिक स्थिति निर्मित करना पाया जाना पाए जाने से एसपी ने सख्त निर्देश पर उपरोक्त बस चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम 183(1)(क) के तहत कार्रवाई करते 2000 रुपए का चालान किया गया।

**जारी रहेगी कार्रवाई**

लगातार जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

- अंकिता शर्मा, एसपी

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202312092100016**

विषय : अ-6 अ मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2023-2024
डोंगरगढ़ (प ह न. 00025),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - मनोज कुमार अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार अग्रवाल आ. स्व. श्री बसंती लाल जी अग्रवाल उम्र 42 साल जाति अग्रवाल निवासी जयस्तंभ चौक, वार्ड नंबर 10, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक व उसके पुत्र के द्वारा ग्राम डोंगरगढ़ खूंटापारा नगर पालिका सीमा के अंतर्गत भूमि खसरा नंबर 72/3 में से रकबा 0.14 एकड़/0.057 हेक्टेयर लगानी 0.17 पैसे को विक्रेता बैनलाल उर्फ साकेत आ. गंगाप्रसाद सोनी निवासी पटेल वार्ड नंबर 15 डोंगरगढ़ के पास से दिनांक 28/01/2008 को नगद खरीदा गया है। उक्त भूमि का प्रमाणीकरण दिनांक 14/03/2008 है तथा नामांतरण क्रमांक 29 है जिसके अनुसार तहसीलदार के द्वारा परचा जारी किया गया है। एवं खरीदी गये भूमि का खसरा नंबर 72/11 रकबा 0.14 एकड़/0.057 हेक्टेयर है जो कि ऑनलाईन बी-1 एवं खसरे में भी दर्ज है। खरीदी पश्चात प्रमाणकृत खसरा नंबर 72/11 का नक्शा आज दिनांक तक ऑनलाईन रिकार्ड में काटा नही गया है। नक्शा काटे नही जाने के कारण आवेदक को अपनी भूमि की चौहद्दीयों से अनभिज्ञ रहा पड़ रहा है। ग्राम डोंगरगढ खूंटापारा नगर पालिका सीमा के अंतर्गत भूमि खसरा नंबर 72/11 रकबा 0.14/0.057 एकड़ हेक्टेयर का नक्शा खरीदी गई भूमि के मूल नक्शा 72/3 में से काटे/अलग किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 05.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

Mukesh Kumar Thakur
तहसीलदार
तहसील - डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## सार समाचार

### रोपवे आज बंद

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी ऊपर मंदिर जाने के लिए दर्शनार्थियों को दी जाने वाली सुविधा रोप वे मेंटेनेंस कार्य के चलते 22 दिसंबर को बंद रहेगी।

### शिक्षा के साथ सहपाठ्यक्रम का भी महत्व - डीईओ



**राजनांदगांव।** वेसलियन हिन्दी माध्यम स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सह पाठ्यक्रम का भी महत्व है। उन्होंने सभी गतिविधियों की महत्ता पर जोर देते कहा कि वेसलियन स्कूल की उपलब्धियां शिक्षा के क्षेत्र में कारगर है। समारोह को संबोधित करते सहायक संचालक शिक्षा विभाग के आदित्य खरे ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब में शाला की सक्रियता उत्कृष्ट हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जिलेभर में मात्र दो निजी विद्यालयों में ही अटल टिंकरिंग लैब स्थापित है। उनमें से एक वेसलियन हिन्दी माध्यम शाला है। संस्था प्राचार्य संजय ने शाला प्रतिवेदन पालकों के समक्ष रखा तथा अपने शालेय की उपलब्धियों की सूची उपस्थित अतिथियों से साझा की। वहीं शाला के शिक्षा स्तर की गुणवत्ता को बरकरार रखने की जिम्मेदारी के बोध को महसूस किया। शाला से लोगों की आशाओं का उल्लेख करते प्राचार्य ने बताया कि कवर्धा के कुछ पालकों ने अच्छी शिक्षा के लिए अपने बच्चों का प्रवेश हमारी शाला में करवाया है तथा उनके रहने के लिए किराये का मकान लिया हुआ है। पालकों द्वारा ऐसी अपेक्षाओं से प्राचार्य द्वारा अतिरिक्त जिम्मेदारी के एहसास की भावना का अनुभव होना बताया गया। पालकों की उपस्थिति में समस्त शैक्षणिक एवं शैक्षणिकेत्तर उपलब्धियों पर विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र अतिथियों द्वारा प्रदाय किए गए। वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पालकों को कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफल बनाने प्रधानाध्यपिका द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। आयोजन में वरिष्ठ व्याख्याता रमन कुमार, एम. मैथ्यू, उमेश साहू, नीलू चावड़ा, नागेश सोनी व हेमंत साहू तथा शाला के शिक्षक व स्टॉफ ने सहयोग दिया।

### आयुक्त ने ली सामुदायिक संगठकों की बैठक

# प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना से लोगों को जोड़े : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पं. दिनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सामुदायिक संगठकों की नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बुधवार को अपने कक्ष में बैठक लेकर प्रधानमंत्री स्व. निधि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लेने प्रात्साहित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त गुप्ता ने बैठक में कहा कि अगले महीने शहर में आने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया जाना है। इसी कड़ी में वेंडरों को प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना से भी अधिक से अधिक जोडना है, इसके लिए तैयारी करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की सामुदायिक संगठकों से जानकारी ली। उन्होंने अब तक कितने वेंडरों को लाभ प्राप्त हुआ है, इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ देना है। योजना के तहत वेंडरों को तीन चरणों में ऋण देने का प्रावधान है।

ऋण के प्रथम चरण में 10 हजार रुपए, जिसे एक वर्ष में वापस करने के उपरांत दूसरे चरण में 20 हजार रुपए, इसके वापसी उपरांत तीसरे चरण में 50 हजार रुपए ऋण वापस करने का प्रावधान है, जो वेंडर निर्धारित किस्तों में ऋण वापस कर देता है तो उन्हें ब्याज में छूट मिलती है। छूट की राशि वेंडर के खाते में शासन द्वारा जमा की जाती है।



#### अधिक से अधिक लोगों को जोड़े

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि अगले महीने शहर में आने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना का लाभ वेंडरों को देना है। इस संबंध में सभी सामुदायिक संगठक कार्रवाई कर वेंडरों को योजना की जानकारी दें और अधिक से अधिक लोगों को जोड़े, ताकि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी 7 कैम्पों में नए वेंडरों को लाभान्वित किया जा सके तथा भारत सरकार द्वारा पथ विक्रेताओं के हित में चलाए जा रहे योजना का लाभ अधिक से अधिक वेंडरों को मिल सके। बैठक में एनयुएलएम के नोडल अधिकारी अशोक देवांगन, सामुदायिक संगठक एसके झा, रिजवाना सैफी, उषा शर्मा, ममता साहू, थिरेश्वरी कचलामे, मंजू क्षत्रीय एवं राजेश मानिकपुरी उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास के संदेश आज भी मानवता के लिए प्रासंगिक एवं अनुकरणीय : मधुसूदन



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव जिले के सतनामी समाज के बंधुओं के मध्य उपस्थित रहे। सतनाम समाज ग्राम सोमनी के कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से कृष्णा तिवारी, नेपाल साहू, गौकरण बंजारे, गजेंद्र बंजारे, मधुकर बंजारे, मंटा बंजारे, नरोत्तम बंजारे, राजेश बंजारे समेत ग्राम सोमनी के ग्रामीणजन मौजूद रहे।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढाबा में आयोजन समिति की ओर से सोनू कोसरे, सत्य प्रकाश, कृष्ण बंदे, भक्त प्रहलाद खिलवाड़, करण कोसरे, सेवन मंडले, जय सिंह जोशी, योगेश मारकंडे, श्याम सुखदेवे, हीरालाल निर्मलकर, रामजी महेश्वरी, देवानंद निर्मलकर, निर्मला बांधे, संदीप बांधे, शैलेंद्र मेश्राम, राजू महेश्वरी सहित ढाबा क्षेत्र के सतनामी समाज के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दोनों ही स्थानों पर संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की 267वीं जयंती समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दोनों आयोजन में जैतखाम एवं संत शिरोमणि पूज्य बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि पश्चात अपने उद्बोधन में पूर्व सांसद मधुसूदन ने बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को आज भी मानवता के लिए प्रासंगिक एवं अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपने समय में समाज में व्याप्त छुआछूत, जात-पात के भेदभाव को मिटाकर सामाजिक समानता एवं सद्भावना का संदेश देने के लिए सतनाम पंथ की स्थापना की और मानव जाति का आजीवन कल्याण किया।

# काली माई मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पॉश कालोनी विकास नगर में आगामी 23 दिसंबर से श्री चंद्रमौलेश्वर महाकाल शिव पुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कथा वाचक जूनागढ़ गुजरात के कथा शास्त्री ईश्वर चंद्र व्यासजी होंगे।

उज्जैन स्थित महाकाल के अनन्य भक्त एवं सिंघोला स्थित श्रीचंद्र मौलेश्वर महाकाल मंदिर के प्रमुख पवन डागा ने बताया कि उनके पिता स्व. राधाकिशन डागा व स्व. सीतादेवी की पुण्य स्मृति में उनके निवास स्थान विकास नगर लखोली में श्री चंद्र मौलेश्वर महाकाल शिव पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 23 से 30 दिसंबर तक महाकाल लोक विकास नगर (लखोली) में आयोजित होने जा रहे इस आयोजन में सात दिनों तक धर्म/अध्यात्म गंगा बहेगी।



आयोजन समिति के अशोक कुमार व राजेश कुमार डागा ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने से पहले शहर में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर महाकाल की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 23 दिसंबर को भरकापारा स्थित काली माई मंदिर से धूमधाम से निकाली जाने वाली महाकाल की इस भव्य शोभायात्रा में पीली साड़ी पहने सिर में 700 मंगल कलश धारण किए महिलाएं शोभायमान होंगी। शोभायात्रा में भगवान शिव का डम-डम डमरू वादन होगा। वहीं शंख ध्वनि सहित झांझ-मंजीरे की झंकार सुनाई देगी। समाजसेवी पवन डागा ने बताया कि शोभायात्रा में जहां आयोजन समिति व शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी। वहीं भोलेनाथ भंडारी सहित उनके गणों का रूप धारण किए कलाकार नजर आएंगे। वहीं भजन गायक आभाष यादव का सुमधुर महाकाल गीत वातावरण में गुंजायमान होगा। इस दौरान डीजे सांउड सिस्टम, धुमाल बाजे, बैंड-बाजे की धुन में महाकाल की भक्ति में झूमते शहर भ्रमण करते भक्तजन काली माई मंदिर (भरकापारा) से माहेश्वरी भवन, तिरंगा चौक, गंज चौक, लखोली नाका चौक होकर विकास नगर स्थित कथा स्थल शिवधाम पहुंचेंगे। तत्पश्चात रोजाना सुबह 9 से 12 व दोपहर में 3 से 6 बजे तक महाकाल लोक में कथा शास्त्री ईश्वर चंद्र व्यास जी के श्रीमुख से श्री शिव महापुराण की कथा अजस्त्र रूप से प्रवाहित होगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची नवागांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन गुरुवार को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत नवागांव पहुंची। इस दौरान सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली।

गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को ओडीएफ प्लस होने पर अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। इस दौरान धरती कहे पुकार के अंतर्गत महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।

ग्रामवासी उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं से



लाभान्वित कर उन्हें विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लीड बैंक, आयुष विभाग, कृषि विभाग द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाइल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सरपंच मेघा ठाकुर, उप सरपंच धर्मेन्द्र साहू, जनपद पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को प्राकृतिक खेती करने प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक, संजीवक, नीमाशस्त्र, ब्रह्मास्त्र, नीम पेस्ट, अमृत पानी बनाने तथा उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा 3 किसानों को मक्का बीज मिनी किट का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ एवं रबी की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केन्द्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई।

# राजनांदगांव हॉकी प्रीमियर लीग :आज खेले जाएंगे सेफा के दो मुकाबले, दर्शकों को चौका रहे युवा खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव हॉकी प्रीमियर लीग के चौथे दिन खेले गए हॉकी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी। एक बार फिर शहर के चिखली की टीम ने दुर्ग जैसी टीम को करारी मात दी। एक मोहल्ले की टीम का चौंकाने वाला खेल तारीफें बटोर रहा है। जबकि अन्य दो मुकाबलों में बालिका वर्ग से जमातपारा और बालक वर्ग के एक अन्य मैच में मोतीपुर ने जीत दर्ज की। इन मुकाबलों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली फ्लैश हॉकी स्टिक से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही स्पर्धा सेमीफाईनल राऊंड में पहुंच गई है। आज प्रतियोगिता में दो सेफा मैच खेले जाएंगे।

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी प्रीमियर लीग में हॉकी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। रोजाना दर्शक दोपहर से शुरू होने वाले मैच को देखने बड़ी संख्या में जुटे रहे हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों से लगभग दो सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट




अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेला जा रहा है। यहां अनुभवी निर्णायक मुकाबलों में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

गुरुवार को प्रतियोगिता में अतिथि के तौर पर श्रीकिशन खंडेलवाल, जीतू मुदलियार, कुलबीर सिंह छाबड़ा, रवि सिन्हा, मूलचंद भंसाली, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, चेतन भानुशाली, आस्था शर्मा, आभा तिवारी, पूर्णिमा नागदेव, शैलेश साहू, रोहित सिंह भदौरिया, अक्षय गायकवाड़, सरफराज, अमित माथुर, नीलमचंद जैन, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी रोशी चौबे, राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी पलक पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष रूप से अजय झा, प्रकाश शर्मा, नीलमचंद जैन, कुमार स्वामी, भूषण साव, रणविजय प्रताप सिंह, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया, सचिन खोबरागढ़े, शकील अहमद, दीपेश चौबे, हारून खान, अनिंद्य सक्सेना, पीयूष वर्मा, योगेश द्विवेदी, अमिताभ सक्सेना भी मौजूद थे। निर्णायकों के रूप में किशोर धीवर, इंदरपाल सिंह, चंद्रहास साहू, तौफिक अहमद एवं गुमान साहू ने अपनी भूमिका निभाई।


#### चिखली, मोतीपुर विजयी

गुरुवार को राजनांदगांव हॉकी प्रीमियर लीग के चौथे दिन पहला मुकाबला बालिका वर्ग में हॉकी जमातपारा बनाम लखोली के बीच खेला गया। दोनों के बीच मैच 7-7 से ड्रा रहा। दूसरा मैच बालक वर्ग में हॉकी चिखली और हॉकी दुर्ग के बीच हुआ। चिखली ने एक बार फिर उलटफेर करते 4-0 से मुकाबला अपने नाम किया। वहीं तीसरा मैच बालक वर्ग में हॉकी मोतीपुर और हॉकी दीवानपारा के बीच खेला गया। यह मुकाबल मोतीपुर ने 5-1 से जीत लिया। तीनों मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आराधना राजबहार, यजत कौशिक व सुमीत निषाद को देश की प्रतिष्ठित फ्लैश हॉकी स्टिक। जिससे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी खेलते हैं, से पुरस्कृत किया गया।

#### आज के मैच

पहला मैच बालिका वर्ग में दोपहर 12.30 बजे से हॉकी राजीव नगर-हॉकी बसंतपुर के बीच खेला जाएगा। स्पर्धा में पहला सेमीफाइनल बालक वर्ग में हॉकी रायपुर-हॉकी दुर्ग और दूसरा सेमीफाइनल हॉकी दीवानपारा विरुद्ध हॉकी चिखली के बीच खेला जाएगा।

# श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 28 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम हल्दी शिवनाथ वार्ड नं. 51 में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है।



आगामी 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक होने जा रहे इस भागवत महापुराण के कथावाचक मानस केसरी पं. रघुनंदन प्रसाद दुबे होंगे । वहीं पारायणपाठ पं. शंकरप्रसाद तिवारी द्वारा की जाएगी। पूर्व पार्षद रूपेश साहू ने बताया कि घनश्याम सिंह साहू /श्रीमती सुकोबाई साहू एवं समस्त अठभैया परिवार की ओर से आयोजित इस श्रीमद् भगवदीय कार्यक्रम में पहले दिन 28 दिसंबर को कथावाचक श्री दुबे द्वारा पंचांग वेदी पूजन कर गोकर्ण कथा सुनाई जाएगी। तत्पश्चात 29 से रोजाना सुबह 10 से 1 बजे व दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक शुकदेव जन्म से लेकर भागवत रचना, सती चरित्र, ध्रूव चरित्र, जड़ भरत कथा सहित समुद्र मंथन, श्रीकृष्ण जन्म कथा, कंस वध, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र के अलावा परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। अंतिम दिन 5 जनवरी को गीता भवन, तर्पण व पूर्णाहूति होगी। उक्ताशय की जानकारी रुपेश साहू ने दी।

### वार्षिक खेल महोत्सव का आज समापन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में कल 22 दिसंबर को वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य समापन किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव रनर्स क्लब के सदस्य होंगे। खेल महोत्सव का मुख्य आकर्षण आर्चरी एवं कराते डेमो, गायत्री परिवार थीम डांस, योगा प्रेजेंटेशन, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, ओलम्पिक थीम डांस होंगे। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के चारों समूहों शिवाजी, आजाद, प्रताप एवं सुभाष के स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत होंगे। मार्चपास्ट का प्रदर्शन शाला के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। प्राचार्य वत्सला अय्यर द्वारा पालकों एवं गणमान्य नागरिकों से उपस्थिति की अपील की गई है। कार्यकम का शुभारंभ सुबह 8.30 बजे होगा।









**प्रदर्शन: राज्यसभा में असंसदीय व्यवहार का किया गया पुरजोर विरोध**

# टीएमसी सांसद व राहुल गांधी का भाजपा ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दो दिवस पूर्व लोकसभा एवं राज्यसभा में असंसदीय व्यवहार करने पर विपक्ष के सांसदों को निलंबित किया गया था। निलंबन के दौरान लोकसभा भवन परिसर में प्रोटेस्ट कर रहे विपक्षी सांसदों में मौजूद टीएमसी के सांसद कल्याण बैनर्जी ने अशोभनीय व्यवहार प्रदर्शित करते हुए उप राष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनकड़ की मिमिक्री कर उनका मजाक उड़ाया था। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके राहुल गांधी भी उनका वीडियो बनाते हुए इस अशोभनीय व्यवहार का लुफ्त उठा रहे थे। विपक्षी दलों के निलंबित सांसदों के इस बर्ताव की खबर व फुटेज न्यूज चैनलों के माध्यम से देश के सामने आने के बाद देश भर में विपक्षी सांसदों की निंदा हो रही है और उनके खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में कवर्धा के सिग्नल चौक में भी विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी एवं टीएमसी सांसद कल्याण मुखर्जी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मुद्दा विहीन हो चुका विपक्ष अब स्तर हीन कृत्य करने लगा है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन के साथ उपराष्ट्रपति जैसे संविधानिक पदों का भी अपमान है। उन्होने कहा कि इस तरह का प्रदर्शन कर विपक्ष और उनके सरगना राहुल गांधी देश को अपमानित करने का कार्य कर रहे है। उनके इस कृत्य की जितना भी निंदा की जाए कम है। श्री साहू ने मांग की है कि ऐसे अशोभनीय कृत्य करने वाले विपक्ष के सांसदों की संसदीय सदस्यता आजीवन समाप्त कर दी जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर चंद्रकार, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी,पन्ना लाल चंद्रवंशी, निर्मल द्विवेदी, राजा टाटिया, श्रीकान्त उपाध्याय, जसवंत छाबड़ा, सचिन गुप्ता, रामविलास चंद्रवंशी, दुर्गेश अवस्थी, सौरभ सिंह, अजय ठाकुर, सचिन अग्रवाल, हर्ष खुराना, यश भट्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा का पहला विरोध प्रदर्शन**

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा का कबीरधाम जिला मुख्यालय कवर्धा में संभवतः यह पहला विरोध प्रदर्शन है। जिसे लेकर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। अभी तक भाजपा विपक्षी दल के रूप में सत्ता रूढ़ दल कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करता था लेकिन अब भाजपा सत्ता पक्ष के रूप में अपनी उपस्थित दर्ज करा रही है।

# बिजली बिल हॉफ नहीं होगा अब: डिप्टी सीएम श्री शर्मा

- बेवजह के मुद्दों को तूल देकर लोगों को बरगलाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कुछ लोग बौखलाहट में पूरी सक्रियता के साथ भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार और उनके चुने हुए जनप्रतिनिधियों को घेरने में जुटे हुए हैं।

ऐसे लोगों द्वारा न सिर्फ अनावश्यक मुद्दों को उठाकर भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है बल्कि लोगों को बरगलाने का कार्य भी इनके द्वारा किया जा रहा है। हाल ही में पत्रकारों द्वारा कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से पूछे गए एक सवाल के जवाब को भी कुछ इसी अंदाज में गलत ढंग से प्रचारित किया जा रहा है। दरअसल हाल ही में पत्रकारों से चर्चा के दौरान किसी पत्रकार ने कवर्धा विधायक व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से सवाल किया था कि क्या प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद बिजली हाफ योजना बंद हो जाएगी?

इस योजना का नाम सुनते ही श्री शर्मा के चेहरे में एक मुस्कान आ गई क्योंकि पत्रकार द्वारा जिस योजना का नाम लेकर सवाल पूछा जा रहा था वैसी कोई योजना कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई ही नहीं जा रही थी। कांग्रेस सरकार प्रदेश में जो योजना चला रही थी उस योजना का नाम बिजली बिल हाफ योजना था। पत्रकार के इस सवाल पर चुटकी लेते हुए विजय शर्मा ने जवाब दिया कि हां बिजली हॉफ बंद हो जाएगी। उनकी यह बात आसपास खड़े दूसरे लोगों को समझ में आ गई और वे भी खिलखिला उठे।

लोग समझ चुके थे की श्री शर्मा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश भर में जारी अघोषित विद्युत कटौती और लो वोल्टेज के बाद भी भारी भरकम बिजली बिल वसूलने पर तंज कस रहे हैं और कह रहे हैं कि हां भाजपा शासनकाल में बिजली हॉफ बंद हो जाएगी मतलब उपभोक्ताओं और किसानों को चौबिसों घंटे सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति की जाएगी।

लेकिन शायद सवाल करने वाले पत्रकार को कवर्धा विधायक और उप मुख्यमंत्री का यह जवाब समझ में नहीं आया और उन्होने तथा कुछ अन्य लोगों ने विजय शर्मा के इस बयान का विडियो सोशल मीडिया में वॉयरल कर दिया। मंशा साफ थी कि यह प्रचारित किया जाए की प्रदेश की सत्ता में आने के बाद भाजपा की सरकार ऐसी जनकन्याणकारी योजनाओं को भी बंद कर रही है जिनका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है।

जबकि वास्तव में भाजपा की सरकार ने अभी तक किसी योजना को बंद करने संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की है। इसी तरह कर्ज माफी के मुद्दे पर भी कांग्रेस के नेता भाजपा के साथ कवर्धा विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को घेरने की कोशिश कर रहे हैं जबकि हकीकत ये है कि इस विषय को लेकर विजय शर्मा पहले ही सार्वजनिक रूप से अपनी बात लोगों के सामने रख चुके हैं। लेकिन इस विषय को लेकर भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार अब भी जारी है।

## खबर संक्षेप



### लायंस क्लब ने स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर

**कवर्धा।** लायंस क्लब ने आज 21 दिसंबर दिन शुक्रवार की सुबह को ग्राम सेवई कछार के प्राइमरी स्कूल के 40 बच्चों को स्वेटर बांटे। इसी के साथ इसी गांव की 20 वृद्ध महिलाओं को गर्म स्वेटर भी दिए गए। ज्ञात हो लायंस क्लब ने ग्राम सेवई कछार सहित ग्राम चंदैनी, नगर के मेन प्राइमरी स्कूल, महाराणा प्रताप स्कूल को गोद लिया हुआ है। इन स्कूलों में हर वर्ष समय समय पर बच्चों को स्कूल सामग्री, मिठाई आदि वितरित की जाती है, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति आकर्षण पैदा होता रहे। इस वर्ष बच्चों की जरूरत और शीत ऋतु के मद्देनजर स्वेटर बांटे गए हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 26 को

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 26 दिसंबर 2023 मंगलवार को सबेरे 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### बेहतर काम करने वाले 58 कर्मियों का सम्मान

**कवर्धा।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2023 तक मनाया गया था। इसके अंतर्गत 137 पुरुषों का नसबंदी किया गया। पखवाड़े के तहत 137 पुरुष का नसबंदी किया जाना ब्लॉक के लिए बड़ी उपलब्धि रही। इस उपलब्धि के लिए सीएमएचओ डॉ.सुजॉय मुखर्जी ने 58 उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, जिनमें आरएचओ महिला व पुरुष, पर्यवेक्षक महिला व पुरुष सीएचओ को सम्मानित किया। डॉक्टर सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि पखवाड़े के दौरान 137 पुरूषों ने नसबंदी कराई है। नसबंदी पखवाड़ा के दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर लोगों में पुरुष नसबंदी के प्रति फैली भ्रांतियों व मिथक को दूर किया गया। ग्राम स्तर पर मोर मितान मोर संगवारी चौपाल का आयोजन कर पुरुषों को नसबंदी के लिए प्रेरित किया गया है।

# टीचर्स एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित विधायक भावना वोहरा का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में गत दिवस स्थानीय सर्किट हाउस में पंडरिया विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक भावना वोहरा से प्रथम मुलाकात में स्वागत पश्चात बधाई व शुभकामनाएं दिया। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों के समस्याओं के साथ ही शिक्षक संवर्ग की समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा। पंडरिया के नवनिर्वाचित विधायक ने सभी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, गोकुल जायसवाल, मार्कण्डेय साहू, सुरेन्द्र शर्मा, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, जागेश्वर साहू, महेश पाली, लक्ष्मण मिरी, भूपेन्द्र जाटवर, अरुणाभ झा, दिनमधुर वर्मा, नंदकुमार सोनी, कैलाश शर्मा, गोपी साहू, बद्री चन्द्रवंशी, भानुप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र गुप्ता, रंजना झा, राजेन्द्र निर्मलकर, सुजीत गुप्ता, सुरेन्द्र राजपूत, अमरनाथ गुप्ता, जोध्या बंजारे आदि उपस्थित थे।

# जल संसाधन विभाग के सचिव ने सुतियापाट बांध के नहर विस्तारीकरण स्थल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जल संसाधन संभाग, कवर्धा अंतर्गत प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं का सचिव, जल संसाधन विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग अन्बलगन पी, प्रमुख अभियंता आईजे उइके, मुख्य अभियंता मुकेश कुमार संतोषी, अधीक्षण अभियंता, डीके भगोरिया कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग एनके चौहान द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा बुधवार सबेरे 09 बजे से सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य के लिए सुतियापाट मध्यम जलाशय परियोजना पहुंचकर जल की उपलब्धता एवं उपयोग पर चर्चा किया गया। जिसमें रबी फसल के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष जोर दिया गया तथा नहर विस्तारीकरण स्थल का परीक्षण किया गया। तद्उपरांत प्रस्तावित जगमड़वा जलाशय योजना, बढ़ौदाखुर्द जलाशय योजना स्थल का दौरा कर स्थल की समस्त जानकारी सचिव द्वारा ली गई। जिसमें मुख्य रूप से भू-अर्जन प्रकरण, वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रियाओं पर हो रहे विलम्ब पर कार्यां को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निराकरण के लिए कार्य ऐजेसिंयों को निर्धारित मापदण्ड पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई। निरीक्षण दल द्वारा करियाआमा जलाशय योजना एवं बहेराखार मध्यम जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष रूप से बहेराखार मध्यम परियोजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हर संभव संभावनाओं के आधार पर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भाई के आदेशानुसार 22 दिसम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन आंदोलन का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश की लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। लोकतंत्र के सिद्धांतों की हत्या कर संसद को लोकतंत्र के कब्रिस्तान में बदल दिया है। उन्होने कहा कि नई दिल्ली में सम्पन्न इंडिया अलायंस की बैठक में लिए गए निर्णयनुसार 142 सांसदों के निलंबन और हमारे लोकतान्त्रिक आधार पर गंभीर हमले का पुरजोर विरोध करते हुए शुक्रवार को 22 दिसम्बर को देश भर में एक दिवसीय विशाल विरोध प्रदर्शन का आव्हान किया गया है।

इसी कड़ी में कवर्धा नगर के सिग्नल चौक के पास दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक एक दिवसीय विशाल धरना/प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया गया है।

## रम्मन का पक्का मकान का सपना होगा पूरा



**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की पहली बैठक में राज्य के 18 लाख से अधिक जरूरतमंद गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे कबीरधाम जिले के हितग्राहियों में खुशी की लहर है। विकसित संकल्प भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत बंदौरा के ग्रामीण रम्मन ने बताया कि उनके परिवार में चार सदस्य है और वे वर्तमान में पुराने एवं कच्चे मकान में निवास करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्का मकान नहीं बना पा रहें है। ऐसे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख गरीव परीवारों को आवास देने का निर्णय लिया है, जिससे वे बहुत उत्साहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उन्हें पक्का मकान का सपना पूरा होगा। जिससे आर्थिक बोझ कम होगा और बरसात के दिनो में होने वाली दिक्कतों से भी छुटकारा भी मिलेगा। रम्मन ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति अभार प्रकट किया है।

# छात्रावासी बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण



- कड़ाके की ठंड के बीच बच्चों को गर्म कपड़े मिलने बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

दीनदयाल वनवासी सेवा समिति द्वारा संचालित आदिवासी बालक छात्रावास कोदवा गोडान में निवासरत 65 छात्रों को कवर्धा निवासी स्व. मूलचंद श्रीमाल की पुण्यस्मृति में उनके सुपुत्र दीपक जैन एवं मेघ क्लिनिक के संचालक डॉ मोहन, मनीष जैन के द्वारा ऊनी स्वेटर वितरण किया गया।

इस अवसर पर छात्रावास परिवार के अलावा सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए प्रेरक की भूमिका निभाने वाले कवर्धा के युवा पत्रकार शैलेन्द्र उपाध्याय की विशेष उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि दीनदयाल वनवासी सेवा समिति द्वारा कबीरधाम एवं मुंगेली जिले के सुदूर वनवासी अंचलों में तीन छात्रावास सहित पाँच स्थानों पर समाज के सहयोग से प्राथमिक से लेकर हाईस्कूल संचालित किए जा रहे हैं जिनमें क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे रहकर विद्या अध्यन कर रहे हैं और अपना भविष्य संवार रहे हैं।

संस्था द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों में पढ़ने वाले वनवासी छात्रों को जहाँ शिक्षा के साथ साथ सुसंस्कार देने पर बल दिया जाता है वहीं दैनिक दिनचर्या में बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास के अलावा व्यक्तित्व निर्माण पर भी फोकस किया जाता है। वनांचल में चल रही शीत लहर की कड़कड़ाती ठण्ड के मौसम में जैन बंधुओं द्वारा गर्म कपड़े पाकर जहां आश्रमवासी बच्चों में प्रशन्नता दिखाई दी वहीं उनकी आंखों में कृतज्ञता झलक रही थी। इस सहयोग के लिए समिति के व्यवस्थापक हरीश लूनिया,अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे सहित सचिव सुधीर पांडेय ने दानदाताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**चिल्फी में अक्षत कलश यात्रा की निकाली गई भव्य शोभायात्रा**

# वनांचल ग्राम चिल्फी में अक्षत कलश का किया गया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶चिलफीघाटी

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए देश के विभिन्न राज्यों के प्रत्येक गांवो में निमंत्रण देने के लिए 121 अक्षत कलश भेजे गए हैं। जिनमें से एक अक्षत कलश कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लाक के वनांचल चिल्फ़ीघाटी पहुंचा है। गौरतलब है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ने देशभर में उत्सव का माहौल बना दिया है। इस अद्भुत पर्व को मनाने के लिए संतों और धर्मगुरुओं के द्वारा पूजा-पाठ कर अक्षत कलश को अयोध्या से रवाना किया गया है, जो कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लाक के चिल्फ़ीघाटी वनांचल पहुंचा। इस दौरान गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ अक्षत कलश को भारत माता चौक से हनुमान मंदिर लाया गया। इस दौरान राम भक्तों ने एक साथ आकर कलश यात्रा का स्वागत किया और बैंड-बाजे की धुन पर जय श्री राम के उद्घोष के साथ मंगल आरती की।

**दर्शन के लिए उमड़ी भीड़**

अक्षत कलश यात्रा भारत माता चौक से ग्राम भ्रमण करते हुए कबीर चबुरा से बाजार चौक, बस स्टैंड होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची जहां से अक्षत कलश को हनुमान मंदिर में यथा स्थान रखा गया। वनांचल में पहुंचे अक्षत कलश की आरती उतारने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंदिर पहुंचने के बाद अक्षत कलश की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद आरती और भजन कीर्तन भी किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से बृजेश तिवारी, ग्राम पटेल संजय बघेल, रामबदन माग्रे, लक्ष्मी प्रसाद उसराठे, दिनेश झारिया, ओमशंकर धुर्वे, विनेश धारवैया, पंकज जैन, बिंदा प्रसाद त्रिवेदी, राजेश निषाद, सत्यम जैन, अमित जैन, सुरेश गुप्ता जीवन सोनवानी, जागेश दास, टिकेंद्र अग्रवाल, सचिन परते, मुकेश तिवारी, नैन सिंग धुर्वे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।